राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

मांझे से दुर्घटना

राज्यपाल ने चिंता जताई

जयपुर, 29 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मांझे से हुई दुर्घटना पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि शहर के लोग नये साल के स्वागत की तैयारी कर रहे हैं। सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि वे अपनी और अपनों की सुरक्षा का ध्यान रखें।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि खतरनाक धागे का इस्तेमाल ना करें। सामान्य धागे से पतंग उडाये। उन्होंने कहा कि पतंग उडाने वालों को लोगों के साथ पक्षियों का भी ध्यान रखना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा है कि पतंगों के लिए सामान्य धागे का उपयोग करने के प्रति समाज में जागरूकता अभियान चलाया जाये।

————

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल